# 6 महीने से गांव में बिजली कनेक्शन चालू नहीं

## पम्प हाउस के ट्रांसफार्मर के भरोसे 50 घरों की आबादी वाला गांव, प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

**अधर और अंधेरे में बिजली व्यवस्था, ग्राम बघेला के हरिजन मोहल्ले में बीते 6 महीने से नहीं है बिजली कनेक्शन गर्मियों में पैदा होती हैं चुनौतियां**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 31 मार्च, सं. बघेला गांव के हरिजन मोहल्ला में बिजली संकट, ग्रामीणों ने अटल ज्योति डीपी से कनेक्शन की मांग की इस दौरान ग्रामीणों ने खिलचीपुर एसडीएम और जिला कलेक्टर राजगढ़ आवेदन दिया. खिलचीपुर क्षेत्र के ग्राम बघेला स्थित हरिजन मोहल्ला के ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर प्रशासन से राहत की मांग की है.**

मोहल्ले के रहवासियों का कहना है कि पिछले करीब छह माह से वे पम्प वाली डीपी से विद्युत सप्लाई पर निर्भर हैं, लेकिन पूरे दिन-रात में मुश्किल से एक घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



### पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से हालात खराब

ग्रामीणों के अनुसार हरिजन मोहल्ला में लगभग 50 से 60 मकान बने हुए हैं . पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण गर्मी के मौसम में हालात और अधिक खराब हो गए हैं . विशेष रूप से रात के समय बिजली नहीं रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है . लोगों का कहना है कि अंधेरे और गर्मी के कारण परिवारों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है .

### अटल ज्योति कनेक्शन गांव को जोड़ने की मांग

मोहल्ले वासियों ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर मांग की है कि वर्तमान पम्प वाली डीपी के स्थान पर अटल ज्योति योजना की विद्युत डीपी से उनका कनेक्शन जोड़ा जाए, ताकि नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सके . ग्रामीणों का कहना है कि अटल ज्योति डीपी से कनेक्शन मिलने पर क्षेत्र में बिजली की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और लोगों को राहत मिलेगी . ग्रामीणों ने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से जल्द कार्रवाई कर समस्या का समाधान करने की अपील की है, जिससे मोहल्ले के परिवार सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में रह सकें . इस दौरान दीपक, भारत, नारायण, बाबूलाल, सुल्तान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे .



# दो भाइयों पर गिरी आकाशीय बिजली, छोटे की मौत

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 31 मार्च, सं. अचानक से हुई बेमौसम बारिश सोमवार शाम को आफत बनकर गिरी दो भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां पर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे.**

इसी बीच आगर रोड़ के पास गैस गोदाम के पास एक पेड़ के निचे खड़े हो गए तभी तेज गर्गाहट के साथ आकाशी बिजली निजाम पिता कादर खां उम्र 38 वर्ष निवासी सिया जिला आगर मालवा के उफर गिर गई.

जिससे उसकी मोके पर ही मौत हो गई जबकि पास खड़ा उसका बड़ा भाई रहमान खान बेहोश हो गया. होश में आने के बाद उसी ने ही घटना की सूचना अपने परिजनों को दी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार निजाम खान और उसका रहमान खान दोनों ही अपने गांव सिया नलखेड़ा से अपने रिश्तेदार ग्राम शेर पुरा के यहां पर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे इसी बीच बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हो गये.

आकाश से बिजली गिरने से छोटे भाई की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि बड़ा भाई बेहोश हो गया, पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया.

## एक नजर में

### अग्निपथ योजना आवेदन 10 अप्रैल तक

**राजगढ़ 31 मार्च, का .** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा बताया गया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं . इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं . जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है . अधिक जानकारी आवेदक वेबसाईड से प्राप्त कर सकते हैं . साथ ही ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियां 1 जून से 15 जून के बीच निर्धारित की गई हैं . परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी . यह भर्ती प्रक्रिया मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, हरदा, गुना सहित अन्य अधिकृत क्षेत्रों के स्थायी निवासियों के लिए आयोजित की जाएगी .

### आज भी होगी मंडी में लहसुन की नीलामी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 31 मार्च, का .** आज 1 अप्रैल को भी स्थानीय कृषि उपज मंडी में लहसुन की नीलामी कार्य होगा . मंडी प्रबंधन के अनुसार आज मात्र लहसुन की ही नीलामी होगी . अन्य फसलों की नीलामी नहीं होगी . गौरतलब है कि अभी मंडी में अवकाश होने के कारण फसलों की नीलामी कार्य नहीं हो रहा है . 3 अप्रैल तक स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश है .

### होमगार्ड कर्मचारी के परिवार ने सहायता मांगी

**राजगढ़ 31 मार्च, का .** मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम गेहूंखेडी तहसील पचोर निवासी रचना कुंवर ने बताया कि आवेदिका के पति धर्मेन्द्र सिंह होमगार्ड पचोर थाने में पदस्थ रहते हुए 14 नवंबर 2023 को एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई . जिस पर कलेक्टर द्वारा होमगार्ड कमांडेंड राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

### रेलवे भूमि अधिग्रहण का नहीं मिला मुआवजा

**राजगढ़ 31 मार्च, का .** ग्राम राजलीबे निवासी हजारीलाल ने बताया कि आवेदक की पैतृक भूमि रामगंज मण्डी से भोपाल रेल्वे लाईन में जाने के उपरांत आज दिनांक तक मुआवजा राशि नहीं मिली है . जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है . कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

### नहीं मिल रहा पीएम आवास का लाभ

**राजगढ़ 31 मार्च, का .** तहसील पचोर निवासी कालूराम ने बताया कि आवेदक को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है . आवेदक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है . कलेक्टर द्वारा सीएमओ पचोर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

### पीएम आवास के लिए भटक रहे हितग्राही

**राजगढ़ 31 मार्च, का .** ग्राम करनवास निवासी निर्मला जाटव ने बताया कि आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है . आवेदिका के पति की मृत्यु हो गई है . आवेदिका मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करती है . कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यबक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

# हनुमान जन्मोत्सव पर हरियाणा का प्रसिद्ध अखाड़ा रहेगा आकर्षण



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 31 मार्च, का.** गुरुवार को 2 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर मनाया जाने वाले श्री हनुमान जन्मोत्सव इस बार कुछ खास होने जा रहा है. श्री रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले चल-समारोह के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने इस बार पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा के अखाड़े को आमंत्रित किया है. देश भर में प्रसिद्ध यह ग्रुप कई टीवी शो में अपनी लाइव प्रस्तुतियां दे चुका है, वहीं अनेक रिकॉर्ड भी इसके नाम पर दर्ज हैं. करीब 18 सदस्यों वाले दिलेर खालसा ग्रुप की प्रस्तुतियों को देखने नगरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है. चल समारोह दोपहर 2 बजे से नाका न 3 स्थित मनकामेश्वर मंदिर से आरती के साथ प्रारम्भ होगा. हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षित इंगल ने बताया कि चल-समारोह के लिए भगवान हनुमान की मिट्टी की एक आकर्षक प्रतिमा भी बनवाई जा रही है. परंपरानुसार मनकामेश्वर मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरांत अखाड़े के साथ चल-समारोह आरंभ होगा, जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम तक पुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ संपन्न होगा.

## सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को किया सम्मानित

**राजगढ़ 31 मार्च, का.** सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया. सेवानिवृत्त कर्मचारियों में रामेश्वर कुलखडिया, अरूण कुमार श्रीवास्त, राजूउद्दीन, महेन्द्र कुमार शर्मा, अशोक दीक्षित, गिरधारी लाल परमार, हजारीलाल दांगी, कैलाश चन्द्र शर्मा, कैलाश नारायण वर्मा, कांती टेलर, लक्ष्मीनारायण राठौर, कौशल्याढ बाई, शिव नारायण मेवाडे, लोक सिंह मरावी, राधा देवी चौहान, अनुपमा अग्रवाल को माला, शाल, श्रीफल वितरण कर उनका सम्मान किया गया.

# पार्टी के इतिहास, सरकार की योजनाओं पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

**तलेन 31 मार्च, सं.** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के दो दिवसीय वर्ग का शुभारंभ में तलेन एवं बोड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ स्थानीय इकलेरा रोड स्तिथ निजी मैरिज गार्डन में शाम 4बजे से कार्यकर्त्ता आगमन पंजीकरण हुआ. प्रथम सत्र में जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे में बताया. वही द्वितीय सत्र में जगदीश पंवार पूर्व जिला महामंत्री ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर उदबोधन दिया. कार्यकर्ता संभाल कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि के अलग-अलग सत्र के माध्यम से मुख्य वक्ता के उद्बोधन के साथ प्रशिक्षण सत्र का प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, प्रशिक्षण अभियान प्रभारी नगर भाजपा अध्यक्ष कैलाश यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया. तृतीय सत्र में कैलाश सोनी द्वारा वैचारिक आधार पर चर्चा की गयी. रात्रि 7.30 बजे भोजन हुआ व दीप विसर्जन कर रात्रि विश्राम हुआ. वहीं कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में चौथे सत्र में भाजपा सोशल मिडिया प्रभारी भूपेंद्र राजपूत द्वारा कार्यकर्ता संभाल कार्यपद्धति के संबंध में उदबोधन दिया. पांचवे सत्र में जिला महामंत्री देवसिंह सोंधिया द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओ के बारे में बताया. छटवें सत्र में जगदीश परमार द्वारा सोशल मीडिया की उपयोगिता, एआई नमो एप, संगठन एप का उपयोग के बारे में बताया. सातवें सत्र में जिला महामंत्री नीलम सक्सेना द्वारा संगठन का कार्य विस्तार पर हमारी दृस्टि विषय पर उदबोधन दिया. वहीं समापन सत्र में नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा द्वारा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ व अपनी विधान सभा में किये गए निर्माण कार्यों की जानकारी मंच के माध्यम से दी. संचालन पूर्व मंडल महामंत्री नंदकिशोर शर्मा एवं आभार कैलाश यादव ने माना. पंजीयन का कार्य वरिष्ठ भाजपा नेता अवधनारायण उपाध्याय व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मान सिंह यादव, पूर्व मिडिया प्रभारी सतीश यादव ने किया.



# टायर फटने से पलटी कार तीन लोग घायल हुए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 31 मार्च, का.** राजगढ़ से खिलचीपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फटने से बड़ा हादसा हो गया. अनियंत्रित होकर कार सड़क पर पलट गई, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए. सोमवार दोपहर देवझिरी के समीप मारुति स्विफ्ट कार का टायर फटते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा. तेज रफ्तार के कारण कार पलट गई. दुर्घटना में चालक राजू (पिता गुलाम नबी, उम्र 50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया. वहीं, राजगढ़ निवासी वारिस (पिता वासिद, उम्र 25 वर्ष) और फरहान (पिता इमरान, उम्र 25 वर्ष) को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है.

### गर्मी में टायर की सावधानी जरूरी

जानकारी के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण टायर का फटना रहा. विशेषज्ञों के मुताबिक गर्मी के मौसम में कमजोर या घिसे हुए टायरों के फटने की संभावना बढ़ जाती है. ऐसे में वाहन चालकों को चाहिए कि वे समय-समय पर टायर की स्थिति जांचें और उचित हवा का प्रेशर बनाए रखें.

## नहीं मिली किसान सम्मान निधि

**राजगढ़ 31 मार्च, का.** ग्राम जामी तहसील ब्यावरा निवासी दुलीचन्द वर्मा ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसान सम्माजन निधि की राशि नहीं मिली है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# लंबे समय बाद वीआईपी रोड पर डामरीकरण शुरू



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च, का.** नगर का वीआईपी कहे जाने वाला अस्पताल रोड इन दिनों डामरीकरण कार्य को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में है. लंबे समय से खराब सड़क और धूल-कंकड़ से परेशान लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है.खास बात यह है कि लोगों को राहत देने के लिए विभाग के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य बिजली के पोल शिफ्ट किए बिना ही प्रारंभ कर दिया गया है. हालांकि ठेकेदार द्वारा जानकारी दी गई है कि आने वाले दो-चार दिनों में बिजली पोल को शिफ्ट करने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा.फिलहाल सड़क पर डामरीकरण कार्य तेजी से जारी है. जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने के बाद धूल और कंकड़ से राहत मिलेगी. वहीं आवागमन भी पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा.

# हैप्पी बचपन एकेडमी में बच्चों को पौधे भेंट किए




नवभारत न्यूज

**पचोर 31 मार्च, सं. विद्यालय हैप्पी बचपन अकैडमी के द्वारा 31 मार्च को वार्षिक परिणाम घोषित कर विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को विद्यार्थियों की सफलता पर प्रकृति संरक्षण के दृष्टिगत जामुन का पौधा भेंट किया.**

हैप्पी बचपन एकेडमी की प्राचार्य रीमा विजयवर्गीय के ने बताया गया कि भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जो प्रतिदिन एक पौधा रोपित कर रहे है. आगामी दिनों में हैप्पी बचपन अकैडमी वर्षा के जल संचय हेतु विद्यार्थियों के घरों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना भी करेगा. साथ ही ग्रीष्मकाल में प्रत्येक बच्चों को पक्षियों के लिए अपने अपने घरों के बाहर पानी का सकोरा रखने हेतु भी प्रेरित किया गया





# मिट्टी की प्रतिमा पर उकेरी राम, कृष्णजी की छवि

## 23 साल के पंकज की अनोखी प्रतिभा, बचपन से मंदिर और प्रतिमाओं में श्रृंगार में विशेष रुचि

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च, का. बचपन से घर में धार्मिक, पूजा पाठ और अनुष्ठान का माहौल देखने वाले 23 वर्षीय पकंज ने अपनी रूचि को निखारते हुए लोगों के बीच काफी प्रंशसा बटोरी है. पंकज को बचपन से मिट्टी की प्रतिमाएं बनारक श्रृंगार करने का शौक है. वे देवी, देवताओं और पुराणों में वर्णित पात्रों की कृति बनाते है. साथ ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर विराजित देव प्रतिमाओं की हूबहू कृति उकेरते है. उनकी यह प्रतिभा लोगों को काफी आकर्षित कर रही है.**

हाल ही में रामनवमीं पर उन्होंने अयोध्या के श्रीराम की प्रतिमा की साक्षात प्रतिकृति को मिट्टी पर उकेरा है. मिट्टी की प्रतिमा हाथों से बनाकर उस पर श्रृंगार किया. इतना ही नहीं इसके पहले वे श्रीनाथजी, सांवरिया सेठ, महांकाल ज्योतिर्लिंग और खाटूश्यामजी की मिट्टी प्रतिमाओं को बनाकर श्रृंगार कर लोगों को चकित कर चुके है.

### बचपन से घर में संगीत और मानस पाठ सुने

पंकज शर्मा जगात चौक स्थित पीपलेश्वरमहादेव मंदिर पर सेवाएं देते है . वे यहां श्रृंगार भी करते है . उनके पिता कृष्णमोहन शर्मा भी यहां सेवा देते है . पंकज के दादा स्व . मांगीलाल शर्मा रामकथावाचक रहे है . वे क्षेत्र में ख्यात संगीतज्ञ भी रहे है . साथ ही बचपन से अपने गांव मूण्डलाबारोल में पंकज ने वेद, संगीत और धार्मिक माहौल देखा . वहीं से उनमें देवी, देवताओं की कृति को बनाने की रूचि जागृत हुई . वे कई बार अप्रत्याशित तरीके से अपनी कला से लोगों को आकर्षिक, प्रेरित और चकित कर चुके है . वे भी अपने दादाजी की तरह वेदों और रामचरितमानस को अपने जीवन का आधार बनाना चाहते है .

**सुविधा** राजगढ़, कालीपीठ, सुठालिया क्षेत्र से लहसुन विक्रय करने आ रहे किसान

# लहसुन की मण्डी लगने से किसानों का 30 किमी सफर बचेगा

**ब्यावरा कृषि मंडी में फिर शुरू हुई लहसुन की नीलामी मंगलवार को लहसुन के भाव में तेजी के भाव**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च, का. स्थानीय कृषि उपज मंडी में लहसुन की खरीदी शुरु होने से आसपास एवं दूर दराज क्षेत्र के किसानों को काफी सुविधा होकर राहत पहुंची है. समीप ही मंडी में लहसुन का विक्रय होने से काफी सुविधा होकर टेक्स के रुप में मंडी की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी.**

गौरतलब है कि अभी तक जिले में नरसिंहगढ़ कृषि मंडी में ही लहसुन की खरीदी की जा रही थी. राजगढ़, कालीपीठ, ब्यावरा, सुठालिया क्षेत्र के किसानों को लहसुन का विक्रय करने नरसिंहगढ़ मंडी जाना पड़ रहा था. ब्यावरा एवं आसपास क्षेत्र से नरसिंहगढ़ मंडी जाने पर करीब 35 किमी का सफर तय करना पड़ रहा था. अब ब्यावरा में ही मंडी में खरीदी प्रारंभ होने से इतना लम्बा सफर एवं इस पर होने वाला व्यय बच सकेगा. इसी प्रकार सुठालिया क्षेत्र से भी किसान लहसुन, प्याज लेकर ब्यावरा मंडी आ रहे है.

### कालीपीठ क्षेत्र से आ रहे किसान



जानकारी के अनुसार पूर्व में कालीपीठ क्षेत्र से किसान लहसुन का विक्रय करने नरसिंहगढ़ जाते थे किंतु अब ब्यावरा कृषि मंडी में लहसुन का विक्रय शुरु होने से काफी सुविधा पहुंची है. कालीपीठ क्षेत्र के ग्राम बनानिया व अन्य ग्रामों से किसान मंगलवार को लहसुन लेकर ब्यावरा मंडी आये. उन्होंने बताया कि जहां 30 किमी का सफर कम हुआ है वहीं यहां पर भाव भी अच्छे मिल जाते है. मंगलवार को ब्यावरा मंडी में लहसुन 10 हजार 700 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी.

### मंडी की आय को भी फायदा

ब्यावरा कृषि मंडी में लहसुन की खरीदी फिर शुरु होने तथा अच्छी आवक के चलते मंडी की आय में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है. मंडी का 1 प्रतिशत टेक्स खरीदी से प्राप्त हो रहा है. यानि 100 रुपये पर 1 रुपये मंडी टेक्स लग रहा है.